तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

12 बारिश का कहर: बरकई के बंधा मतोर तालाब ...



12 प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के प्रभावी ...





## खबर संक्षेप

### बस्तर में अगले पांच दिन सक्रिय रहेगा मानसून

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में आगामी पांच दिनों तक मानसूनी गतिविधियां बनी रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार 29 जुलाई से 2 अगस्त के पूर्वानुमान के अनुसार जिले में अधिकांश समय आसमान बादलों से ढका रहेगा तथा कई स्थानों पर हल्की से मध्यम, जबकि कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार 29 और 30 जुलाई को जिले में लगभग 65 मिमी वर्षा हुई। 31 जुलाई को वर्षा की तीव्रता घटकर 20 मिमी तथा 1 अगस्त को 15 मिमी रहने का अनुमान है।

### बीजापुर में भारी बारिश के चलते दो दिन बंद रहेंगे स्कूल

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले में लगातार हो रही बारिश और बाढ़ के चलते कलेक्टर ने दो दिन स्कूल बंद रहने के आदेश दिए है। 31 जुलाई और 1 अगस्त को बीजापुर जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थाएं शासकीय और अशासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी शालाओं को छात्र हित को देखते हुए बंद रखा गया है। कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी किए हैं।

### महिलाओं और युवाओं के अपमान का आरोप

# महिला कांग्रेस ने सांसद कंगना व शिक्षा मंत्री जोशी का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महिका कांग्रेस ने सांसद कंगना रनौत व केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी का राजीव भवन के समक्ष पुतला फूंका।

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद के नेतृत्व में नारेबाजी कर पुतला दहन किया गया। इस दौरान मौर्य ने कहा कि भाजपा के कई नेता सत्ता के अहंकार में भाषा की मयार्दा भूल चुके हैं। देश में महिलाओं और युवाओं का सम्मान सर्वोपरि है तथा किसी भी राजनीतिक दल या जनप्रतिनिधि को यह अधिकार नहीं है कि वह अपने पद और सत्ता के प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए महिलाओं एवं युवाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली भाषा का प्रयोग करे। उन्होंने भाजपा सांसद एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री के अमर्यादित



बयानों और विवादित टिप्पणियों को लेकर जनता से माफी मांगने की मांग की। कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए महिला कांग्रेस लगातार संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। महिलाओं के खिलाफ किसी भी प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी को महिला कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा के कुछ नेता गंभीर एवं संवेदनशील मामलों में भी ऐसी टिप्पणियां करते हैं, जिससे पीड़तों और उनके परिवारों की भावनाएं आहत होती हैं। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं का सम्मान और युवाओं का स्वाभिमान किसी भी राजनीतिक दल की राजनीति से ऊपर है। जनप्रतिनिधि चाहे किसी भी राजनीतिक दल से जुड़े हों, उन्हें अपने पद की गरिमा और संवैधानिक जिम्मेदारी को समझना चाहिए। महिलाओं के सम्मान और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार की अमर्यादित या असंवेदनशील टिप्पणी को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान हनुमान द्विवेदी, सुरेंद्र झा, गौरनाथ नाग, वीरेंद्र परिहार, बलराम यादव, सूयार्पानी, अभिषेक नायडू, अल्ताफ उल्ला खान, रविशंकर तिवारी, वेंकट राव, राजेंद्र पटवा, अपर्णा बाजपेयी,अंजना नाग, पपिया गाईन, विजय प्रकाश दास, संदीप दास, शादाब अहमद, मोहसिन खान, आदर्श दलाई,सलीम अली,एस नीला,तरनजीत सिंह, उस्मान रजा,गुरमीत कौर, कमला भत्तरा, पार्षद सुशीला बघेल, रामकृष्ण तिवारी, जस्टिन भवानी,गौरी मंडल, खेमराज सेठिया,उमा सागर, अनुसुइया, जोगेश्वरी राव,श्याम कुमारी ध्रुव, असबती कश्यप, जाहिदा बेगम, डाली नाग, ज्योति नाग सहित अन्य मौजूद रहे।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के स्वास्थ्य लाभ के लिए हनुमान चालीसा का पाठ

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव को झांसी मेडिकल कॉलेज से आज सुबह एयर लिफ्ट कर दिल्ली के मेदांता हास्पिटल में भर्ती किया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। परिजनों के मुताबिक उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। पूरा परिवार उनके साथ है। वहीं आज उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ एवं दीघार्यु की कामना को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने भाजपा कार्यालय में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया। पदाधिकारियों एवं



कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ कर किरण सिंह देव के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं शीघ्र जनसेवा में पुनः सक्रिय होने की मंगलकामना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे ने कहा कि उनका नेतृत्व संगठन कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहा है। कार्यक्रम में संतोष वाजेपयी, माधवी मण्डल, राजपाल कसेर,विनय राजू, आनंद झा, आलेख तिवारी, विकास पात्रों, भरत ठाकुर, मयंक दीवान, ▶▶| शेष पेज 12 पर

## 4.20 लाख के गांजा के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**जगदलपुर।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने लाखों रुपए के गांजा के साथ एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से 4.20 लाख रुपए का गांजा व मोबाइल बरामद किया गया है। आरोपी ने बताया कि वह ओडिशा से



गांजा लेकर रायपुर की ओर जा रहा था। ओडिशा से छग की ओर होने वाले अवैध मादक पदार्थ गांजा के परिवहन पर अंकुश लगाने एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा धनपुंजी फारेस्ट नाका के पास पिट्ठू बैग में ▶▶| शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप

### विद्यालयों में प्रत्येक कक्षा के लिए शिक्षक नियुक्त करने की मांग



**कोंडागांव।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया यानी सीपीआई जिला परिषद ने जिले के शासकीय विद्यालयों में प्रत्येक कक्षा के लिए एक-एक शिक्षक की नियुक्ति तथा शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य नहीं कराने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सीपीआई ने ज्ञापन में कहा कि आदिवासी बहुल कोंडागांव जिले में विद्यालय भवनों के निर्माण और मरम्मत पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। पार्टी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रत्येक कक्षा में एक शिक्षक की व्यवस्था करना आवश्यक है। केवल भवन निर्माण से शिक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं होगी। सीपीआई ने आरोप लगाया कि शिक्षकों से विभिन्न गैर-शैक्षणिक कार्य कराए जाने के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षकों को केवल शिक्षण कार्य में लगाया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिल सके। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षकों की कमी के कारण विशेष रूप से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र के कई छात्र-छात्राएं दसवीं और बारहवीं के बाद पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में पिछड़ रहे हैं। सीपीआई ने शासन स्तर पर आवश्यक पहल कर जल्द समाधान की मांग की है। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# गांजा तस्करी सरगना समेत चार दोषियों को 10-10 साल की जेल, 1-1 लाख जुर्माना

**विशेष न्यायालय ने कहा- जुर्माना नहीं पटाने पर अतिरिक्त सजा मिलेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले के बहुचर्चित गांजा तस्करी प्रकरण में विशेष न्यायालय ने सख्त फैसला सुनाते हुए फरसगांव निवासी कथित सरगना समेत चार आरोपियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड जमा नहीं करने की स्थिति में प्रत्येक दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। प्रकरण के अनुसार 26 मई 2024 को तत्कालीन एसडीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा एवं थाना प्रभारी नरेश साहू के नेतृत्व में फरसगांव पुलिस ने एनएच-30 स्थित बिजली कार्यालय के सामने वाहन जांच के दौरान 10 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 9732 को रोककर तलाशी ली थी। जांच में ट्रक के केबिन और डाला के बीच विशेष रूप से बनाए गए गुप्त चेंबर से 110.570 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस की सतर्कता और सुनियोजित कार्रवाई से अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायालय (स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985) कोण्डागांव में हुई। विशेष न्यायाधीश खिलावन राम रिगरी ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजी साक्ष्यों, जप्ती पंचनामा, गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर सभी आरोपियों को दोषी ठहराया।

**मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध कड़ा संदेश**

मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक रुक्मणी मरकाम ने पैरवी की। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत ठोस साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया, जो मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध कड़ा संदेश देने वाला निर्णय माना जा रहा है।



**मामले में ये ठहराए गए दोषी**

दोषियों में सुब्रत राय उर्फ सुब्बो फरसगांव, कोण्डागांव, सतीश चन्द्र प्रजापति हाथरस उत्तरप्रदेश, शुभम सिंह पटेल चित्रकूट उत्तरप्रदेश तथा परमेश्वर खीला मलकानगिरी ओडिशा शामिल हैं। न्यायालय ने चारों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(सी) के तहत 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक-एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### तेज बहाव में फसलें बहीं, कई गांवों का संपर्क कटा

# बारिश का कहर: बरकई के बंधा मतोर तालाब की मेड़ टूटी, चरकई मार्ग बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

कोंडागांव जिले में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। बुधवार सुबह तेज बहाव के चलते बरकई स्थित बंधा मतोर तालाब की मेड़ पर बनी सड़क अचानक टूट गई। सड़क ध्वस्त होने से बरकई-चरकई मार्ग पूरी तरह बंद हो गया और कई गांवों का फरसगांव मुख्यालय से संपर्क टूट गया।

■ ग्रामीणों ने मुआवजा और स्थायी निर्माण की मांग उठाई

मार्ग बंद होने से स्कूली बच्चों, किसानों और ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया है। ग्राम नालझर, चांदागांव, चरकई, मोहलई, भंडारसिवनी और जुगानी के ग्रामीणों का बरकई से संपर्क टूट गया है। अब लोगों को आवश्यक कार्यों के लिए लंबा वैकल्पिक रास्ता तय कर मुख्यालय पहुंचना पड़ रहा है। लगातार बारिश और तेज बहाव से किसानों की खेतों में लगी फसलें भी बह गईं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।



**फसल नुकसान का हो सर्वे: प्रभावित किसान**

लगातार बहाव व बारिश से प्रभावित किसान गौतम पांडे, देशलाल पांडे, भानुराम पांडे, देशमन पांडे, बलदेव मरकाम, दयाराम पांडे, रामेश्वर पांडे, गजेंद्र सार्दुल, बिसोलाल पांडे, बंसीलाल, पीताम्बर पांडे, विशेश्वर पांडे ने मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन नुकसान का सर्वे कर मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कराए। ग्रामीणों ने बताया कि बंधा मतोर तालाब में लगभग 70 से 80 हजार रुपये की लागत से डाला गया मछली बीज भी मेड़ टूटने के बाद तेज बहाव में बह गया, जिससे मत्स्य पालन से जुड़े ग्रामीणों को भी भारी नुकसान हुआ है।

**समस्या का किया जाए स्थायी समाधान**

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से प्रभावित किसानों और मछुआरों को शीघ्र मुआवजा देने, बरकई-चरकई मार्ग का तत्काल पुनर्निर्माण कराने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए तालाब के दोनों ओर मजबूत रिटेनिंग वॉल बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि हर वर्ष बारिश में इसी तरह की समस्या सामने आती है, इसलिए इस बार स्थायी समाधान किया जाए।

# कोंडागांव के सुब्रत को मिला अनसंग हीरो अवार्ड



**गुरु पूर्णिमा पर दिया गया प्रतिष्ठित सम्मान**
**महापौर ने शॉल एवं ट्रॉफी प्रदान कर किया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जगदलपुर में आयोजित समारोह में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के बस्तर संभाग प्रभारी एवं कोंडागांव के संरक्षक सुब्रत साहा को पहली बार घोषित अनसंग हीरो अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान महापौर संजय पांडे ने शॉल एवं ट्रॉफी प्रदान कर दिया। सुब्रत साहा को कोंडागांव जिले में लगभग 30 हजार से अधिक बच्चों को निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण और उत्कृष्ट मार्गदर्शन देने में उनके निस्वार्थ योगदान के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया।

**सम्मान का श्रेय परिषद और जनता को दिया**

सम्मान प्राप्त करने के बाद सुब्रत साहा ने इस उपलब्धि का श्रेय अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और क्षेत्र की जनता को देते हुए भविष्य में भी समाज सेवा के कार्यों में आजीवन समर्पित रहने का संकल्प व्यक्त किया। परिषद के जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने सुब्रत साहा को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान कोंडागांव ही नहीं, बल्कि पूरे बस्तर संभाग के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर श्रीमती ममता साहा, सुष्मिता साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव तथा परिषद के सदस्य श्रीकांत तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

पेज 11 का शेष

### 4.20 लाख के गांजा...

मादक पदार्थ गांजा रखकर परिवहन करने बस का इंतजार कर रहे एक संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम प्रदीप बेपारी 26 वर्ष निवासी ग्राम कुरूकोंडा थाना कुरुकोंडा जिला मलकानगिरी ओडिशा का रहने वाला बताया। उसके बैग की तलाशी लेने पर 8 पैकेट में रखा 8.375 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 4 लाख 20 हजार रूपए बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजने में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एसआई सतीश यदुराज, एएसआई सतीश तिवारी, प्रधान आरक्षक तुलसी दास, आरक्षक बलराम कश्यप, चंद्रकुमार कंवर तथा वाहन चालक अविनाश मांझी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण...

अनुष्का साहू, सोम प्रकाश जोशी, जशवंत जोशी,कृष्णा निषाद, नूपुर समदार, तेजस्वी घोष, प्राचीन तिवारी, दीपक पांडे, अनिमेष चौहान, रमेश नायडू,नरेंद पांडे, शुभम बघेल, राज पांडे, विक्रांत नाग, गौरव ठाकुर, उत्तम साहू, रौशन सेठिया, आर्यन सिंह, विकास सिकदार सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छात्राओं को कानूनी अधिकारों और सुरक्षा कानूनों की दी गई जानकारी

**कोण्डागांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में कन्या छात्रावास बनचपई में छात्राओं के लिए विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक और सशक्त बनाना रहा। शिविर में छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम, साइबर सुरक्षा, बाल विवाह प्रतिषेध, महिला एवं बाल संरक्षण कानूनों तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकार मित्र रूकेश कुमार ने छात्राओं को गुड टच–बैड टच, यौन अपराधों से बचाव, शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं और आम नागरिकों को उपलब्ध कानूनी सेवाओं की जानकारी देकर छात्रओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में छात्राओं से कानून का सम्मान करने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित अधिकारियों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सहायता लेने की अपील की गई।




## विद्यार्थियों को कानून, साइबर सुरक्षा और बाल संरक्षण की दी जानकारी




**कोण्डागांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों, कर्तव्यों और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक बनाकर जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। शिविर में प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट एवं अधिकार मित्र रंजन बैध ने विद्यार्थियों को संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, बाल अधिकार, पॉक्सो अधिनियम, महिला एवं बाल संरक्षण कानून तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और डिजिटल सुरक्षा के उपायों से अवगत कराया। साथ ही किसी भी प्रकार के शोषण, हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में बिना भय के अभिभावकों, शिक्षकों अथवा संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचना देने की सलाह दी।

## कमेला की 17 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल

**कोण्डागांव।** बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरस्वती सायकिल योजना के तहत ग्राम कमेला के शासकीय हाई स्कूल में 17 छात्राओं को निःशुल्क सायकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि सरस्वती सायकिल योजना से छात्राओं की नियमित विद्यालयीन उपस्थिति बढ़ेगी और वे आत्मनिर्भर बनेंगी।

■ विधायक उसेंडी ने छात्राओं को पढ़ाई के लिए किया प्रेरित



उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने का आह्वान किया।

**10.20 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन** –कार्यक्रम के दौरान ग्राम कमेला में 5.20 लाख की लागत से सीसी सड़क एवं शेड निर्माण तथा 5 लाख की लागत से शासकीय हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों पर कुल 10.20 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

**जनप्रतिनिधि और ग्रामीण रहे मौजूद** – कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र सिंह ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, विद्यालय परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर चिपावंड स्कूल में दिखा देशभक्ति का जज्बा

**कोण्डागांव।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल चिपावंड की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा रविवार को विद्यालय परिसर में श्रद्धा और देशभक्ति के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की प्राचार्य श्रीमती एस. सोनपिपरे के मार्गदर्शन में मां भारती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सभी



स्वयंसेवकों ने दो मिनट का मौन रखकर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मोहन लाल बोगा ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए ऑपरेशन विजय, भारतीय सेना के अद्वितीय साहस, बलिदान तथा युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। युवाओं को वीर सैनिकों के त्याग और समर्पण से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कुमारी सालिका ने अपने भाषण में ऑपरेशन विजय की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य का उल्लेख किया। वहीं भविष्य देवांगन ने कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज कुमार पांडे, ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव और मेजर संजय कुमार जैसे वीर सैनिकों के अदम्य साहस और योगदान पर प्रकाश डाला।

समक्ष श्रीमन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नारायणपुर
**नाम परिवर्तन हेतु शपथ-पत्र**

मैं धीरज उईके पिता श्री मनारू राम उम्र 18 वर्ष, निवासी ग्राम- स्कुलपारा बोरगांव तहसील व जिला-नारायणपुर राज्य छ.ग. का शपथपूर्वक निम्नांकित सत्य कथन करता हूँ कि:-

1. यह कि मैं ग्राम- स्कुलपारा बोरगांव तहसील व जिला नारायणपुर का निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा नाम धीरज उईके है।
3. यह सत्य एवं सही है।यह कि मेरे नाम से जन्म प्रमाण पत्र B20252219738000014 दिनांक-18.06.2025 को जारी हुआ है जिसमें DHIRAJ UIKEY अंकित है। एवं पांचवी के अंकसूची में भी धीरज उईके लिखा हुआ है।
4. यह कि मेरा आधार कार्ड क्रमांक 741156238616 जारी हुआ है। जिसमें मेरा नाम अंग्रेजी में DIRAJ हिन्दी में दिरज लिखा गया है। जिसे सुधरवाकर मेरा नाम अंग्रेजी में DHIRAJ UIKEY हिन्दी में धीरज उईके लिखवाना चाहता हूँ।
5. यह कि शपथ पत्र मेरे आधार कार्ड में नाम अंग्रेजी में DHIRAJ UIKEY हिन्दी में धीरज उईके अंकित किये जाने बाबत शासकीय गजट में नाम परिवर्तन करने हेतु प्रकाशन किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है।

**सत्यापन**

मैं धीरज उईके पिता श्री मनारू राम उम्र 18 वर्ष, निवासी ग्राम- स्कुलपारा बोरगांव तहसील व जिला-नारायणपुर राज्य छत्तीसगढ़ शपथकर्ता/ शपथकर्ती यहां सत्यापित करता/करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 तक दी गई समस्त जानकारी मेरे निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 29/07/2026 को नारायणपुर में पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूँ।

धीरज
शपथकर्ता/सत्यापनकर्ता

# प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं, निर्माण कार्यों एवं विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को विद्यालयों में नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता जांच और विद्यार्थियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण पर भी विशेष बल दिया। कलेक्टर ने सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी परिसरों में पौधारोपण बढ़ाने तथा वीबीजीरामजी के माध्यम से पोषण वाटिका विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही हरित वातावरण



को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन बाउंड्री तैयार करने को कहा। बैठक में अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**एग्रीस्टैक पंजीयन और पीएम किसान योजना की समीक्षा** – कृषि विभाग को एग्रीस्टैक पंजीयन में तेजी लाने तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। खाद और बीज की कालाबाजारी रोकने के लिए नियमित जांच और सख्त कार्रवाई करने को भी कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने तथा टीबी के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी • किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज • प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज • यौन संबंधी समस्याएं • महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 636.3 मिमी. वर्षा दर्ज

**बीजापुर।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी तहसीलों में एक जून से अब तक 636.3 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

इस दौरान सर्वाधिक 803.1 मिमी वर्षा बीजापुर में दर्ज की गई है। इसी तरह 773.4 मिमी. वर्षा भैरमगढ़ में, 747.9 मिमी वर्षा कुटरू में, 582.3 मिमी. वर्षा गंगालूर में, 527.6 मिमी. वर्षा भोपालपटनम में एवं उसूर में 383.6 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है।

### माडेंर नाले का कलेक्टर ने लिया जायजा




**दंतेवाड़ा।** आज बारसूर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा जिला दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र में बहने वाले माडेंर नाले का मुआयना किया गया। सनद रहे कि विगत वर्ष अति वर्षा के दौरान उक्त नाले का एप्रोच हिस्सा भारी बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गया था जिससे क्षेत्र का संपर्क अन्य हिस्सों से टूट गया था और वर्तमान में जिले में विगत दो दिवस से हो रही अनवरत बारिश को देखते हुए कलेक्टर द्वारा इस नाले का जायजा लेते हुए सुरक्षा एवं आवागमन संबंधी सावधानी बरतने की सलाह उपस्थित अधिकारियों को दिए गए।

### निधन

#### प्रो. बसंत लाल झा

जगदलपुर। शहर के वरिष्ठ शिक्षाविद एवं प्राध्यापक प्रो. बसंत लाल झा का 29 जुलाई को दोपहर में निधन हो गया। उनके निधन से शिक्षा जगत एवं शहर ने एक सम्मानित, विद्वान



और प्रेरणास्त्रोत व्यक्तित्व को खो दिया है। उनका जीवन शिक्षा, ज्ञान और समाज सेवा के प्रति समर्पित रहा। अंतिम यात्रा शाम 4 बजे निज निवास, विजय वार्ड से निकली। जिसमें समाज के लोग, साहित्य और शिक्षा से जुड़े लोग और शहरवासी शामिल हुए। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके भाई डॉ. कृष्ण कुमार झा सर्वाधिक विषयों में डिग्री हासिल करने वाले प्रसिद्ध शिक्षाविद के रूप में चर्चित थे। जिन्होंने लंबे समय तक शहर के नेशनल स्कूल और राष्ट्रीय विद्यालय का संचालन किया।

# अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर इंद्रावती टाइगर रिजर्व पहुंचे लोग

## रन फॉर इंद्रावती मैराथन, छात्र प्रतियोगिताओं और जनजागरूकता कार्यक्रमों से गूंजा इंद्रावती टाइगर रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में वन्यजीव एवं बाघ संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इंद्रावती टाइगर रिजर्व एवं नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस

■ **बारिश भी नहीं रोक सकी बाघ संरक्षण का जुनून**

ऐतिहासिक आयोजन में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, विद्यार्थियों, युवाओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। देश के चौथे सबसे बड़े टाइगर रिजर्व में पहली बार इस स्तर पर व्यापक जनभागीदारी के साथ बाघ संरक्षण को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'रन फॉर इंद्रावती' मैराथन रही, जिसमें 5 एवं 10 किलोमीटर की दो श्रेणियों में लगभग 150 धावकों ने हिस्सा लिया।






बीजापुर के साथ दंतेवाड़ा, कोंडागांव, बस्तर सहित अन्य जिलों से पहुंचे प्रतिभागियों ने मूसलाधार बारिश के बावजूद पूरे जोश और उत्साह के साथ दौड़ पूरी कर बाघ एवं वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया। बारिश भी प्रतिभागियों के जज्बे को डिगा नहीं सकी और पूरे आयोजन के दौरान प्रकृति संरक्षण के प्रति लोगों का उत्साह देखते ही बना।

मैराथन के मुख्य अतिथि कलेक्टर विश्वदीप ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बाघों और वनों का संरक्षण केवल शासन का नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के इस अभियान से सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान किया।

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, पेंटिंग, कविता एवं भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिले के 9 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बाघ संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण विषयों पर उत्कृष्ट चित्र, पेंटिंग, कविताएं एवं प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने यह संदेश दिया कि नई पीढ़ी प्रकृति एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति संवेदनशील और जागरूक है।

प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा रहीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमन कुमार झा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के संस्कार विकसित करना भविष्य के सुरक्षित प्राकृतिक परिवेश की मजबूत नींव है। उन्होंने इंद्रावती टाइगर रिजर्व एवं नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी की इस अभिनव पहल को जनभागीदारी आधारित संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उप निदेशक संदीप बलगा, एसडीओ मनोज बघेल सहित वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष एम. सूरज, सिद्धांत जैन, भूपेन्द्र जगत, ऋषभ सी. एवं मनीषा श्यामचेतिम सहित संस्था के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। समापन समारोह में मैराथन एवं विभिन्न छात्र प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मैराथन विजेता

5 किलोमीटर महिला वर्ग में प्रथम सुनीता कुहरामी, द्वितीय साक्षी नेताम, तृतीय प्रियंशु मिच्छा, 10 किलोमीटर महिला वर्ग में प्रथम पार्वती नेताम, द्वितीय कुसुम सरदुल, तृतीय अंजली करम, 5 किलोमीटर पुरुष वर्ग में प्रथम चम्पेश कुमार मरकाम, द्वितीय प्रदीप मरकाम, तृतीय मनजीत मरकाम, 10 किलोमीटर पुरुष वर्ग में प्रथम फूलधर नेताम, द्वितीय भावेश सलाम, तृतीय ललित कुमार नाग।

### चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का परिणाम

कक्षा 5 से 8 प्रथम यश विष्णु, द्वितीय सुनीता तेलम, तृतीय अंश कुमार, चतुर्थ शेरोन बरसा, कक्षा 9 से 12 प्रथम शांति त्रिपाठी, द्वितीय मीनाक्षी एवं प्रयाग (संयुक्त), तृतीय इलाफ फातिमा।

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं में भरा जोश

# 2 लाख युवाओं को बीजेपी और युवा मोर्चा के साथ जोड़ना है : टिकरिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के मार्गदर्शन में युवा साथियों व नव-मतदाताओं को भाजयुमो के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का लक्ष्य लेकर मोर्चा द्वारा

■ **7 दिनों में 18,846 लोगों ने सदस्यता ग्रहण की**

आठ वर्षों के बाद पुनः ज्वॉइन बीजेवायएम सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

टिकरिहा ने कहा कि भाजयुमो निःशुल्क सदस्यता अभियान के माध्यम से प्रदेश के नव-मतदाताओं एवं युवाओं को जोड़ रहा है, वहीं कांग्रेस सदस्यता अभियान के नाम पर भी प्रत्येक सदस्य से 75 रुपए सदस्यता शुल्क लेकर लूटने का काम कर रही है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष टिकरिहा ने गुरुवार को यहां



### 20 सितंबर तक सदस्यता अभियान चलेगा

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष टिकरिहा ने बताया कि पिछले 7 दिनों में 18,846 सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की है एवं प्रमाण पत्र भी जनरेट कर लिया है। दोनों प्रकार की प्रक्रियाएँ चल रही हैं। बस्तर संभाग के सात जिलों में सभा करके युवाओं और मतदाताओं को जोड़ा गया है और ऑनलाइन प्रक्रिया चल रही है। 23 जुलाई से 20 सितंबर तक सदस्यता का यह महा अभियान चलेगा। अभियान की तिथिवार जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि आगामी 5 अगस्त को सारंगढ़ बिलाईगढ़ में, 6 अगस्त को महासमुंद में, 7 अगस्त को गरियाबंद जिले में, 8 अगस्त को सरगुजा और 9 तारीख से लेकर 14 अगस्त तक सरगुजा संभाग के सभी 6 जिलों में युवा मोर्चा का कार्यक्रम है। हमारा लक्ष्य 2 लाख युवाओं व नव-मतदाताओं को भारतीय जनता पार्टी और युवा मोर्चा के साथ जोड़ना है।

एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि दन्तेवाड़ा में मां दन्तेश्वरी का आशीर्वाद लेकर बस्तर संभाग के दन्तेवाड़ा जिला स्थित बचेली मण्डल से यह अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान बस्तर से इसलिए प्रारंभ किया गया कि केन्द्र और प्रदेश सरकार की संयुक्त पहल से बस्तर का विकास हो रहा है। वहां पर नक्सलवाद समाप्त हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ निश्चय, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयास से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त हुआ है।

दन्तेवाड़ा जिले का बचेली क्षेत्र नक्सल प्रभावित था। बीजापुर के भोपालपटनम व सुकमा के दोरनापाल जो नक्सलवाद के मामले में अति संवेदनशील क्षेत्र रहे हैं, में भी मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। नारायणपुर जिले के ओरछा में भी हमने सदस्यता अभियान चलाकर युवाओं को भाजपा की रीति-नीति एवं विचारधारा से अवगत कराया और सदस्यता कराई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 31 मार्च 2026 के बाद से नक्सली गतिविधियाँ पूरी तरह समाप्त हुई। बस्तर संभाग के संवेदनशील क्षेत्र में युवाओं को अधिक से अधिक भाजपा की विचारधारा से जोड़कर उन्हें सदस्यता दिलाने का काम इस अभियान के माध्यम से किया जा रहा है, क्योंकि वहां पर पहले शासन-प्रशासन पहुंचा नहीं था। इसलिए युवा मोर्चा लगातार सदस्यता अभियान चलाकर युवाओं को जोड़ रहा है। ऑफलाइन प्रक्रिया के अलावा ऑनलाईन के माध्यम से भी सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। युवा साथी इसमें लगातार बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसके साथ ही रेफरल कोड के माध्यम से सदस्यता दिलाने का काम युवा मोर्चा द्वारा किया जा रहा है जिसमें यह पता चलता है कि कौन-से कार्यकर्ता ने कितने लोगों को जोड़ा है।

पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश मीडिया सह संयोजक राहुल राय, भाजयुमो प्रदेश मीडिया प्रभारी वासु शर्मा, जिलाध्यक्ष रायपुर शहर अर्पित सूर्यवंशी, जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण पिंटू साहू मौजूद थे।

# बस्तर के युवाओं के हक पर कुठाराघात : खंबारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर के युवाओं के अधिकारों को कुचलने और शिक्षा के मंदिर को भ्रष्टाचार व तानाशाही का अड्डा बनाने के खिलाफ नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया ने मोर्चा खोल दिया है। राजीव भवन में प्रेस वार्ता में एनएसयूआई बस्तर शहर के जिला अध्यक्ष विशाल खंबारी ने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति की दमनकारी नीतियों की पोल खोली।

प्रेस वार्ता में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष श्री खंबारी ने कहा, प्राध्यापक, एसोसिएट प्राध्यापक और असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर हो रही सीधी भर्ती में छत्तीसगढ़ एवं बस्तर के स्थानीय युवाओं को दरकिनार किया जा रहा है। दावा-आपत्ति सूची में अभ्यर्थियों के नाम छिपाकर केवल ऐपलिकेशन आईडी जारी करना सीधे तौर पर चहेतों को लाभ पहुंचाने की एक सोची-समझी साजिश है। श्री खंबारी ने कहा कि दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के साथ अन्याय बताया गया पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से अपनी सेवाएं दे रहे तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के नियमितीकरण को रोका जा रहा है। उच्च न्यायालय के निर्देशों और विधिक अभिमत की आड़ में नया विज्ञापन जारी कर इन कर्मचारियों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता के दौरान सादाब अहमद, शेख अयाज, नरेंद्र साहू, कर्तव्य आचार्य, दीपेश पांडे एवं कुणाल पांडे उपस्थित रहे।

### छात्र नेताओं पर एफआईआर

18 मई को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पारदर्शी




परीक्षा प्रणाली और समय पर सिलेबस पूरा करने जैसी मौलिक मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने वाले छात्र नेताओं पंकज केवट, कर्तव्य आचार्य, हंशु नाग और वैभव चौधरी पर अलोकतांत्रिक तरीके से फर्जी मुकदमे दर्ज करवाए गए।

### एनएसयूआई की मांगें

श्री खंबारी ने कहा अपारदर्शी और विवादित शैक्षणिक भर्ती प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। भर्ती में हुई धांधली की निष्पक्ष जांच हो और दावा-आपत्ति सूची में सभी अभ्यर्थियों के नाम सार्वजनिक किए जाएं। तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को न्याय देते हुए उनका तत्काल नियमितीकरण किया जाए। छात्र नेताओं पर दर्ज दुर्भावनापूर्ण व फर्जी मुकदमे बिना शर्त वापस लिए जाएं। बस्तर और छात्र-विरोधी मानसिकता वाले कुलपति को बर्खास्त किया जाए। जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति और राज्यपाल तक भी पीड़ा पहुँचाई जाएगी। यदि प्रशासन ने समय रहते इन न्यायपूर्ण मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया, तो एनएसयूआई चरणबद्ध आंदोलन करेगी। आगामी कार्यपरिषद की बैठक के दिन पूरे बस्तर संभाग के छात्रों को एकजुट कर विश्वविद्यालय का घेराव किया जाएगा।

# संस्कार स्कूल ऑफ एक्सीलेंस धरमपुरा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के धरमपुरा 1 में बुधवार को संस्कार स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के शुभारंभ अवसर पर माँ सरस्वती की पावन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन बड़े भव्य रूप से विधि-विधान और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ।

■ **शिक्षा को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने की तैयारी**

शिक्षा के क्षेत्र में शून्य से शिखर तक का प्रेरणादायी सफर तय करने वाले संस्कार ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने अपने 20 से अधिक वर्षों के अनुभव, विश्वास एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाते हुए संस्कार स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के रूप में जगदलपुर एवं पूरे बस्तर





संभाग को एक विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थान की सौगात दी है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीनिवास राव मद्दी, चेयरमैन, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड रहे। विशिष्ट अतिथियों में संजय पाण्डेय, महापौर, नगर निगम जगदलपुर, श्याम सोमानी, अध्यक्ष, बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स तथा रोटेरियन मनोज थॉमस, अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ जगदलपुर उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नारायण भावसार , रतन जैन , रोटेरियन नवीन भावसार , श्रीमती सुमन भावसार , पूर्वा कपूर , दिलीप अग्रवाल, दीपक कपूर , अमित कुमार जैन, श्रीमती नूतन जैन , विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एनी पॉल, विद्यालय व्यवस्थापक एलेक्स मैथ्यू सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों ने विद्यालय की भव्य एवं आधुनिक अधोसंरचना का अवलोकन कर इसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की। अनेक शिक्षाविदों एवं विद्यालय संचालकों ने इसे मेट्रो सिटी स्तर के विद्यालयों के समकक्ष बताते हुए कहा कि इस प्रकार का आधुनिक शिक्षण संस्थान जगदलपुर ही नहीं, बल्कि पूरे बस्तर संभाग के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय का आकर्षक एवं आधुनिक भवन, सुंदर एडवांस इंटीरियर, उच्च गुणवत्ता का फर्नीचर तथा विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया शिक्षण वातावरण इसे अन्य विद्यालयों से अलग पहचान प्रदान करता है।

विज्ञान एवं तकनीक आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यालय में रोबोटीक लैब के साथ सभी विषयों के लैब की स्थापना की गई है, जहाँ विद्यार्थी केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि प्रयोगात्मक एवं अनुभवात्मक शिक्षा भी प्राप्त करेंगे। विद्यालय की एक विशेष पहचान इसकी मार्डन डिजाइन लाइब्रेरी है, जिसमें अत्याधुनिक डीजीटल लाइब्रेरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। साथ ही विशाल एक्टीवीटी हॉल, आधुनिक क्रियेटिव हॉबी एरिना, इंडोर गेम्स रूम, आकर्षक सुसज्जीत प्लेग्रुप क्लासरूम, एयरपोर्ट टाइप हाइजेनिक वॉशरूम, सेफ एण्ड सिक्यूर कैम्पस तैयार किया गया है।

# उत्साह से मनाई गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

विकासखण्ड बस्तर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुड़कानार में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाया गया। शुभारंभ छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना एवं पूजा-अर्चना से किया गया। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने गुरु पूर्णिमा के महत्व तथा गुरु-शिष्य परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जीवन में गुरु के मार्गदर्शन का महत्व बताया।

उन्होंने कहा कि गुरु ही ज्ञान, संस्कार और सफलता की राह दिखाने वाले सच्चे पथप्रदर्शक होते हैं। छात्र-छात्राओं ने सभी शिक्षकों एवं बी.एड. की छात्राध्यापिकाओं का सुंदर ग्रीटिंग कार्ड एवं आकर्षक गुलदस्ते भेंट कर सम्मान किया। इस आत्मीय सम्मान ने पूरे



विद्यालय का वातावरण भावुक एवं प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम में प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव के साथ शिक्षक नीरज कुमार कुन्जाम, फूल सिंह यादव, शिल्पाय शार्वा, ममता ठाकुर एवं आभा प्रीति एक्का उपस्थित रहे। वहीं बीएड की छात्राध्यापिकाओं में सुमन यादव, सुरेखा मरावी, सोडी शांति, लीना साहू, देविका मौर्य, दीपिका बघेल, सारिका गंजीर एवं शशि प्रभा मिरी की उपस्थिति रही।कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा 6वीं के छात्र-छात्राओं कबीर बघेल, दिपाली बघेल, साक्षी बघेल, नेहा बघेल, राहुल बघेल, पवन कुमार शर्मा तथा बुलबुल कश्यप कायोगदान रहा।

विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को गुरु के प्रति सम्मान, संस्कार एवं भारतीय संस्कृति को सुदृढ़ करने वाला प्रेरणादायी प्रयास बताया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में अपने शिक्षकों के प्रति आदर, कृतज्ञता और समर्पण की भावना को और अधिक प्रगाढ़ किया।

# न्योता भोज के जरिए स्कूलों में शिक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

जिले के अंतिम छोर पर स्थित कटेकल्याण ब्लॉक के 135 प्राथमिक एवं 32 माध्यमिक समेत कुल 167 शासकीय विद्यालयों में एक साथ न्यौता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर

■ **कटेकल्याण के 167 स्कूलों में एक साथ हुआ न्यौता भोज**

विद्यालयों में विद्यार्थियों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सभी ने एक साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया तथा बच्चों के पोषण, नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के



प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। न्यौता भोज के माध्यम से विद्यालय और समुदाय के बीच आपसी जुड़ाव को मजबूत करने का प्रयास किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी गोपाल पांडे ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता के प्रति विश्वास बढ़ाना, बच्चों के पोषण को प्रोत्साहित करना तथा शिक्षा के प्रति सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। पूरे विकासखंड के सभी विद्यालयों में यह आयोजन उत्साह और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# टसर क्षेत्र बढ़ाने डीएफएल की समय पर आपूर्ति और क्लस्टर खेती पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

टसर रेशम पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरा रेशम मेरा अभिमान 2.0 योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय हितधारक बैठक का आयोजन आरएसआरएस जगदलपुर में किया गया। बैठक में उप संचालक रेशम बस्तर रोशन चंद्राकर, सहायक संचालक रेशम जगदलपुर मस्कुले, बीएसएमटीसी बस्तर प्रवीण रेड्डी, आरएसआरएस जगदलपुर अरविंद कुमार के साथ-साथ विस्तार अधिकारी, क्षेत्रीय कर्मचारी, टसर किसान एवं रीलर उपस्थित रहे।

उप संचालक रोशन चंद्राकर ने बस्तर में टसर रेशम पालन की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले में टसर पौधारोपण क्षेत्र को बढ़ाया जाएगा।



किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण डीएफएल उपलब्ध कराने और बेहतर उपज व आय के लिए क्लस्टर आधार पर टसर खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही रोग प्रबंधन एवं कोकूनोत्तर गतिविधियों के माध्यम से टसर की गुणवत्ता सुधारने पर भी जोर दिया गया। सहायक संचालक मस्कुले ने खेत स्तर पर टसर पालन में आ रही चुनौतियों को रखा। उन्होंने बताया कि कीट प्रकोप, कम कोकून उत्पादन और जागरूकता की कमी मुख्य समस्याएं हैं। इन्हें दूर करने के लिए गांव स्तर पर टसर पालन की उन्नत तकनीकों पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

# बारिश के बीच स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

कलेक्टर बस्तर एवं जिला प्रशासन के आदेशानुसार शैक्षणिक संस्थाओं में गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी ने बस्तर ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों का औचक भ्रमण किया।

निरीक्षण की शुरुआत प्राथमिक माध्यमिक शाला चोकर से हुई। यहां अधिकांश कमरों की छतों से पानी रिस रहा था। संस्था प्रभारी द्वारा अतिरिक्त कक्ष में बच्चों की बैठक व्यवस्था की गई थी, जहां बच्चे व्यवस्थित रूप से अध्ययनरत पाए गए। इसके बाद प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला घाटक्वाली पहुंचकर उन्होंने, नियमित उपस्थिति, समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण करने, पंजियों के उचित संधारण एवं अन्य गतिविधियों के नियमित संचालन के निर्देश दिए। निरीक्षण के अगले क्रम में माध्यमिक शाला कुड़कानार पहुंचे। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अधिकारी को पुष्पगुच्छ एवं ग्रीटिंग देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात कुड़कानार हाईस्कूल में कक्षा 10 की

■ **गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं पर दिए निर्देश**



क्लास लेकर गुणवत्ता का आकलन किया गया। शिक्षकों की बैठक लेकर पाठ्यक्रम एवं मूल्यांकन कॉपियों का अवलोकन किया तथा पाई गई कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी देखी गई। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सभी शिक्षक एवं प्राचार्य समय पर उपस्थित पाए गए, लेकिन छात्र-छात्राओं की औसत उपस्थिति अपेक्षा के अनुरूप नहीं थी। इसे सुधारने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित संकुल के संकुल समन्वयक भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सतत निरीक्षण जारी रहेगा।

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 22/07/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बबीता कश्यप पति राजू कश्यप जाति मुरिया निवासी ग्राम केशलूर तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने चाचा गणेश मौर्य पिता दोदी राम मौर्य की मृत्यु तिथि 15/07/2008 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत केशलूर के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/ पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय कि पेशी तिथि 05/08/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उदघोषणा आज दिनांक 22/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 05/08/2026

मुहर

तहसीलदार
तोकापाल

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी संघ की बैठक एक को

**जगदलपुर।** शासकीय वाहन चालक, यांत्रिकीय कर्मचारी संघ जिला बस्तर की बैठक शहर के कर्मचारी भवन में शनिवार की दोपहर 3.30 बजे से लेकर 6.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसमें आगामी जिला एवं संभागीय अध्यक्ष के निर्वाचन के संबंध में आवश्यक बिंदुओं पर संघ के प्रांत अध्यक्ष मनीष ठाकुर, प्रदेश महामंत्री आरके नायर एवं अन्य पदाधिकारीगण की उपस्थिति में चर्चा की जाएगी। संघ के जिला अध्यक्ष मोतीलाल वर्मा द्वारा बैठक आयोजित कर समस्त विभाग के समस्त शासकीय, संविदा, दैनिक भोगी, आउटसोर्स व अन्य वाहन चालक बैठक में शामिल होंगे।

### विवि व कॉलेज में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का नामांकन कल से

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं और सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2026-27 में प्रवेशित स्नातक, स्नातकोत्तर व डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों के लिए आनलाईन नामांकन कराने की तिथि जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार एक से 16 अगस्त तक आनलाईन नामांकन और आवश्यक दस्तावेज अपलोड किए जाएंगे। संबंधित संस्थान में आनलाईन नामांकन आवेदन की जांच और हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि 17 अगस्त निर्धारित की गई है।

### कॉलेजों में प्राइवेट स्टूडेंट्स के लिए आवेदन सह नामांकन 20 तक

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित स्नातक और स्नातकोत्तर प्रोग्राम के प्रथम सेमेस्टर स्वाध्यायी(प्राइवेट) विद्यार्थियों के लिए आनलाईन आवेदन सह नामांकन एक अगस्त से प्रारंभ होगा। इसके लिए आनलाईन की अंतिम तिथि 20 अगस्त निर्धारित की गई है। संबंधित कॉलेजों में आनलाईन आवेदन की जांच व एवं हार्डकॉपी के साथ जरूरी दस्तावेज जमा करने का कार्य 21 अगस्त तक किए जाएंगे। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रदेश में स्नातक और स्नातकोत्तर प्राइवेट परीक्षा के लिए स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति 2024 लागू की गई है। स्नातक और स्नातकोत्तर के प्राइवेट स्टूडेंट्स के लिए भी सेमेस्टर पद्धति से अध्यापन व परीक्षा प्रारंभ किया गया है। प्राइवेट स्टूडेंट्स को भी रेगुलर की तरह अध्ययन की कई सुविधाएं दी जा रही है। इन विद्यार्थियों के लिए भी इंटरनल, असाइनमेंट और लैब कार्य को अनिवार्य बनाया गया है।

### खेल अलंकरण के लिए आवेदन शुरू

**जगदलपुर।** राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों, उत्कृष्ट प्रशिक्षकों और निर्णायकों को सम्मानित करने के लिए वार्षिक राज्य खेल अलंकृत पुरस्कार, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नकद राशि, प्रेरणा निधि तथा खेलवृत्ति वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू कर दी है। इस योजना के तहत राज्य में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न श्रेणियों में आकर्षक नगद पुरस्कार राशि की व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत वरिष्ठ वर्ग के उन खिलाड़ियों को 3 लाख रुपए की नगद राशि के साथ शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जाएगा, जिन्होंने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीता हो या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व किया हो। इसी तरह कनिष्ठ वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को डेढ़ लाख रुपए की राशि के साथ शहीद कौशल यादव पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उत्कृष्ट खेल प्रशिक्षकों और निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के तहत डेढ़ लाख रुपए की राशि से सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विगत पाँच वर्षों में चार बार छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को 25 हजार रुपए की राशि के साथ शहीद पंकज विक्रम सम्मान तथा 55 वर्ष या उससे अधिक आयु की उन खेल हस्तियों को शहीद विनोद चौबे सम्मान के साथ 25 हजार रुपए दिया जाएगा जिन्होंने खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं दी हैं।

# सावन के पहले दिन शिवालयों में गूंजा बम-बम भोले, महाकाल की तर्ज पर हुआ बाबा का भव्य श्रृंगार

## शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों में हुए भजन, कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सावन मास के पहले दिन शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों में हर-हर महादेव के जयघोष, विशेष जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और भक्तिमय भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, बेलपत्र और धतूरा अर्पित किया। मंदिरों में दिनभर शिव वंदना, शिव महिमा के गीत और संकीर्तन गूंजते रहे। मंदिरों में महाकाल की तर्ज पर बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार और महाआरती की गई। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सावन के पहले दिन महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना करते नजर आए। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर शिवलिंग का अभिषेक किया। मंदिरों में भक्तिभाव का ऐसा माहौल रहा कि हर ओर शिव भजनों और मंत्रोच्चार की गूंज सुनाई देती रही।





### श्रद्धालुओं ने की खुशहाली की कामना

मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और देश में खुशहाली की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं ने सावन के सोमवार का व्रत रखने का संकल्प भी लिया। उन्होंने कहा कि सावन का पहला दिन हमारे लिए बेहद शुभ होता है। भगवान शिव अपने भक्तों के सभी कष्ट दूर करते हैं और सच्चे मन से की गई आराधना कभी व्यर्थ नहीं जाती।

### धार्मिक मान्यता और महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए सबसे पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि इस महीने सच्चे मन से की गई पूजा-अर्चना विशेष फलदायी होती है और भोलेनाथ अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। यही विश्वास श्रद्धालुओं को बड़ी संख्या में शिवालयों तक खींच लाया।

## संत रविदास की 650वीं जयंती पर राम मंदिर में दीपोत्सव

# भेदभावरहित समाज ही संत रविदास को सच्ची श्रद्धांजलि : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- महापौर और भाजपा पार्षद दल ने जलाए 650 दीये



संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650 वीं जयंती पर महापौर ने भाजपा पार्षद दल के साथ 650 दिए जलाकर श्रद्धांजलि दी। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर राम मंदिर में समरसता संकल्प अभियान के तहत भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। शहर के अनेकों मंदिरों में कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलित किए। महापौर संजय पांडे ने कहा मन चंगा तो कठौती में गंगा। यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि भारतीय दर्शन का सार है। इसका अर्थ है कि यदि हमारा मन निर्मल है, तो ईश्वर हर स्थान पर विद्यमान हैं। बाहरी आडंबर से अधिक महत्व आंतरिक पवित्रता का है। उन्होंने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जहाँ किसी प्रकार का भेदभाव न हो उनके विचारों को याद करते हुए समाज में जात-पात का भेद मिटाने पर जोर दिया।

जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने कहा गुरु रविदास का संदेश सामाजिक समरसता और न्याय का घोष है। आज जब हम विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की बात करते हैं, तब संत रविदास का यह संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

विदित हो की भारतीय जनता पार्टी द्वारा सामाजिक समरसता संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत ऋषि संत और महात्मा के सामाजिक समरसता के विचारों को जन मानस तक पहुँचने कार्यक्रम किया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, संग्राम सिंह राणा, प्रकाश झा, सविता गुप्ता, सूरज श्रीवास्तव, वैभव पांडेय, योगिता यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बारिश के बीच देर रात तक मैदान में डटे रहे महापौर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जलभराव क्षेत्रों का किया निरीक्षण, तत्काल राहत पहुंचाने की पहल

शहर में बुधवार को लगातार बारिश के बीच महापौर संजय पांडे देर रात तक विभिन्न वार्डों का दौरा कर जलभराव की स्थिति का जायजा लेते रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को तत्काल राहत एवं जल निकासी के निर्देश दिए। सुंदरलाल शर्मा वार्ड में जलभराव की गंभीर स्थिति सामने आने पर महापौर ने मौके पर ही जेसीबी मशीन बुलवाकर नालियों की सफाई एवं जल निकासी की व्यवस्था कराई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा के दौरान किसी भी वार्ड में जलभराव की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

महापौर ने कहा कि नगरवासियों की सुविधा नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बारिश के मौसम में जलभराव, नालियों की रुकावट तथा अन्य समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम का अमला लगातार सक्रिय है। उन्होंने बताया कि निगम की टीमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निगरानी कर रही हैं और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत कार्य किए जा रहे हैं।

### वार्डो में पहुंचा निगम अमला

निरीक्षण के दौरान स्वच्छता सभापति लक्ष्मण झॉ, संग्राम सिंह राणा, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा एवं नगर निगम का सफाई अमला शामिल रहा। नागरिकों से अपील की गई कि जलभराव या अन्य समस्याओं की सूचना नगर निगम को तत्काल दें ताकि समय रहते उनका निराकरण किया जा सके। नगर निगम ने आश्वस्त किया है कि बारिश के दौरान शहर में जनजीवन सामान्य बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहेंगे।

# प्रपातेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सावन महीने के पहले दिन चित्रकोट के प्रपातेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष लच्छू राम कश्यप ने बताया कि मंदिर में पूरे सावन मास पर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रुद्राभिषेक होगा। इस मौके पर सुबह से ही बड़ी संख्या में शिव भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में रही। दिन भर मंदिर परिसर शिव भक्तों और कांवड़ियों की उपस्थिति से सराबोर रहा।

# संभाग मुख्यालय को भारतमाला परियोजना से जोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सांसद ने गडकरी के समक्ष रखा रोडमैप



दिल्ली प्रवास के दौरान सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बस्तर अंचल के समग्र विकास, व्यापारिक सुगमता और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षेत्र की सड़कों तथा राष्ट्रीय राजमार्गों के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार संबंधी पत्र सौंपा।

सांसद ने उल्लेख किया कि क्षेत्र में सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयासों और प्रभावी रणनीतियों के परिणामस्वरूप नक्सलवाद पर नियंत्रण स्थापित हुआ है। इस सकारात्मक बदलाव के कारण बस्तर में विकास,नए उद्योगों की स्थापना, व्यापारिक गतिविधियों और पर्यटन के क्षेत्र में अवसर निर्मित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन उभरती संभावनाओं को पूर्ण आकार देने और क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़े रखने के लिए एक आधुनिक सड़क नेटवर्क समय की सबसे प्राथमिक आवश्यकता है।

### मुख्य मार्गो को 4 लेन करने सौंपा पत्र

सांसद ने एनएमडीसी स्टील प्लांट की गतिविधियों और परिवहन को सुचारू बनाने के लिए जगदलपुर नगरनार ओडिशा सीमा मार्ग को फोर लेन में परिवर्तित करने की मांग रखी। इसके साथ ही अंतर्राज्यीय संपर्क को मजबूती प्रदान करने के दृष्टिकोण से जगदलपुर दंतेवाड़ा बीजापुर भोपालपटनम से तेलंगाना सीमा तक जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग को भी फोरलेन के रूप में विकसित करने का आग्रह किया। जिससे छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र के बीच व्यापार और आवागमन अधिक सुगम हो सके। विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात तक देशी विदेशी पर्यटकों की पहुंच को आरामदायक और सुरक्षित बनाने हेतु उन्होंने जगदलपुर चित्रकोट मार्ग के भी चार लेन निर्माण का प्रस्ताव दिया।

### भारतमाला परियोजना से जोड़ने की मांग

सांसद ने जगदलपुर को भारतमाला परियोजना के आर्थिक गलियारों से जोड़ने, शहर में यातायात के दबाव को कम करने हेतु रिंग रोड और बायपास का निर्माण कराने तथा बस्तर संभाग के समस्त जिला मुख्यालयों को उच्च गुणवत्ता वाले राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ने के लिए विशेष विकास पैकेज स्वीकृत करने की मांग की। उन्होंने सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से ब्लैक स्पॉट्स के सुधार, आवश्यक स्थानों पर पुल, फ्लाईओवर और रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण का विषय भी प्रमुखता से उठाया।

# बस्तर के 13 किसान हैदराबाद में सीखेंगे आधुनिक मत्स्य पालन की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड के प्रशिक्षण में शामिल हुए



बस्तर संभाग के 13 प्रगतिशील किसान आधुनिक मत्स्य पालन एवं सतत जलीय कृषि की नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड हैदराबाद में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 29 से 31 जुलाई तक आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक मत्स्य पालन, उत्पादन प्रबंधन, उद्यमिता विकास, मूल्य संवर्धन, विपणन तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. बिजय कुमार बेहरा, मुख्य कार्यकारी, राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, डॉ. एस. कन्नप्पन (एआरएस), वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक, एन. एस. नाग, संचालक (मत्स्य), रायपुर, कृष्ण जायसवाल, विकास कुमार साहू सहित अन्य अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में शामिल किसानों में बस्तर जिले से पूरन सिंह कश्यप एवं महेंद्र सिंह यादव, कोंडागांव जिले से वेद प्रकाश नायक, पाकलू मरकाम, गंगाधर नेताम एवं धनीराम पोयाम, दंतेवाड़ा जिले से अजय कश्यप, सुखदेव कड़यिाम, हड़मा कोड़ोपी, नीरज गुप्ता एवं लिंगा राम कोड़ोपी तथा बीजापुर जिले से संदीप हेमला एवं राजकुमार शामिल हैं।

### मछली पालकों की करेंगे सहायता

प्रशिक्षण के उपरांत सभी किसान अपने-अपने जिलों में आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों का प्रसार करेंगे। इससे बस्तर संभाग में मत्स्य उत्पादन, रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अधिकाधिक मत्स्य पालकों तक पहुंचाने के साथ किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है।

# 160 करोड़ की लागत से बनेगा दो किमी लंबा व 40 मीटर चौड़ा रेलवे ओव्हर ब्रिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- राष्ट्रीय राजमार्ग के एसडीओ व इंजीनियर ने स्थल का किया सर्वे

बस्तर संभाग के गीदम से दंतेवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 163 ए पर आवराभाठा के रेलवे क्रॉसिंग में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से 160 करोड़ रूपए की लागत से दो किमी लंबा एवं 40 चौड़ा रेलवे ओव्हर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए हॉल ही में एनएच के एसडीओ एवं इंजीनियर की टीम ने स्थल का सर्वे किया। इसमें लगभग 112 हितग्राही शामिल है, जिनकी मुआवजा भी किया जाएगा, निर्माण से पूर्व मार्ग किनारे स्थित लगभग 244 पेड़ों की भी कटाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि इस ब्रिज का निर्माण होने से दुर्घटनाएं रूकेंगे और जाम की समस्या नहीं होगा, यातायात सुगम होता है और समय की बचत होती है। कई बार लोग बंद रेलवे फाटक के नीचे से वाहन निकालने की कोशिश करते हैं, जिससे जानलेवा हादसे होते हैं, ब्रिज होने पर ऐसी लापरवाही नहीं होती।



### फोरलेन मार्ग बनेगा गीदम से दंतेवाड़ा तक

बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 163 ए पर गीदम से दंतेवाड़ा मां दंतेश्वरी मंदिर चौक 12 किमी तक एनएच की ओर से फोरलेन निर्माण किया जाएगा। इसका टेंडर होने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा।

### स्वीकृति के बाद होगा टेंडर

लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ एके कुंजाम ने बताया कि सर्वे की रिपोर्ट मुख्यालय को भेजा गया है। इसकी स्वीकृति होने के बाद टेंडर कर निर्माण कार्य किया जाएगा।

# मॉड्यूलर किचन निर्माता अदा करेगा 1.50 लाख : आयोग

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में लिव स्पेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड वेस्ट बंगाल मॉड्यूलर किचन निमार्ता कंपनी द्वारा आवेदक को सुधार कार्य किए जाने हेतु एक लाख 50 हजार रुपए अदा करेगा और मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु 20 हजार रुपए पृथक से अदा करेगा। यह आदेश आयोग अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया है।
न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कि शहर निवासी आदित्य बाफना द्वारा अर्शिया स्काई, धरमपुरा स्थित फ्लैट में मॉड्यूलर किचन का निर्माण करवाने के लिए उक्त मॉड्यूलर किचन निर्माता कंपनी से संपर्क कर 3 लाख 30 हजार रुपए का अनुबंध निष्पादित किया गया था। कंपनी द्वारा निर्धारित समय अवधि में मॉड्यूलर किचन निर्माण का कार्य पूर्ण न कर और किचन निर्माण में गुणवत्ता विहीन कार्य किया गया था, जिस हेतु आवेदक द्वारा उक्त कंपनी को सूचित किए जाने के पश्चात भी सुधार कार्य नहीं किया गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई कर जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा माना गया कि मॉड्यूलर किचन निर्माण निर्माता कंपनी द्वारा आवेदक के फ्लैट में गुणवत्ता विहीन कार्य किया गया है और संतुष्टि योग्य सुधार कार्य न कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। आवेदक द्वारा मॉड्यूलर किचन में किए गए गुणवत्ताविहीन कार्य में सुधार कर किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से करवाए जाने हेतु एक लाख 50 हजार रुपए अदा किए जाने का आदेश पारित किया गया है। इस संबंध में आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 20 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति पृथक से दिए जाने का भी आदेश पारित किया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411